हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 9 अप्रैल 2024

06 गोदाम में आग लगने से करीब 100 टन भूसा खाक



09 बोले- जो पार्टी भगवान राम का न्यौता ठुकरा दे ...





**लोकसभा क्षेत्र**
जबलपुर

1 **भाजपा प्रत्याशी**
आशीष दुबे

2 **कांग्रेस प्रत्याशी**
दिनेश यादव

**पिछली बार कौन जीता**
राकेश सिंह

**जीत का अंतर**
4 लाख 54 हजार 744

## क्या रहेंगे मुद्दे?

जबलपुर प्रदेश का महानगर है, इसलिए यहां राष्ट्रीय और प्रादेशिक मुद्दों का खासा असर है। इसके साथ यहां सरकार द्वारा कराए गए काम भी मुद्दा बने हुए हैं। गांव-गांव तक सड़कों की कनेक्टिविटी अच्छी हुई है। सड़कों का जाल बिछा है। 4-5 फ्लाई ओवर तैयार हुए हैं। एक बड़ा फ्लाई ओवर बन रहा है। अन्य क्षेत्रों में भी केंद्र और राज्य सरकार ने काफी काम किए है। भाजपा मोदी और राम लहर के साथ इन कामों को मुद्दा बना रही है। कांग्रेस अपनी 19 माह की सरकार के कार्यों को गिना रही है। महंगाई और रोजगार को मुद्दा बना रही है। कांग्रेस के 5 न्याय और 24 गारंटियों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

### मुद्दों और काम के कारण कांग्रेस पर भारी पड़ रही भाजपा

# जबलपुर में प्रभु श्रीराम, मोदी लहर के साथ मैदान में भाजपा

*महाकौशल अंचल की जबलपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी आशीष दुबे और कांग्रेस के दिनेश यादव के बीच कई समानताएं हैं। दोनों बेदाग छवि और मिलनसार प्रवृत्ति के हैं। दोनों ने एलएलबी कर रखी है। आशीष लैंड लार्ड हैं और दिनेश के पास भी पैसे की कई नहीं है। फर्क यह है कि आशीष राम और मोदी लहर के साथ मैदान में हैं, जबकि दिनेश ने बड़ी तादाद में डिब्बे बनवाए हैं। वे और उनके समर्थक ये डिब्बे लेकर निकलते हैं और लोगों से 'एक नोट-एक वोट' की मांग करते हैं। राजनीतिक सच यह है कि जबलपुर में वर्ष 1996 से लगातार भाजपा का कब्जा है। चुनाव दर चुनाव उसकी जीत का अंतर बढ़ा है। मौजूदा माहौल देखकर यह परंपरा आगे भी कायम रहने की संभावना जताई जा रही है।*

**ग्राउंड रिपोर्ट**

दिनेश निगम 'त्यागी' ⏭ भोपाल

जबलपुर लोकसभा सीट में भाजपा-कांग्रेस के बीच मुकाबला तो है, लेकिन पलड़ा भाजपा का भारी है। ऐसा पहली बार नहीं है, भाजपा यहां लगातार जीत भी दर्ज करती आ रही है। 1991 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के श्रवण पटेल पहली बार मामूली अंतर 6 हजार 722 वोटों के अंतर से भाजपा के बापूराव परांजपे को हरा कर चुनाव जीते थे। इसके बाद से सीट पर भाजपा का कब्जा है और कांग्रेस एक अदद जीत के लिए तरस रही है। 1996 और 1998 के दो चुनाव बापूराव परांजपे ने जीते और 1999 में जयश्री बनर्जी ने जीत दर्ज की। इसके बाद 2004, 2009,



आशीष दुबे



दिनेश यादव

2014 और 2019 में भाजपा की ओर से लगातार राकेश सिंह ने कमल खिलाया। राकेश सिंह ने पिछला चुनाव साढ़े 4 लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से जीता। मौजूदा माहौल देखकर कहा जा रहा है कि जीत का यह आंकड़ा और बढ़ने वाला है। लगातार चार जीत दर्ज करने वाले राकेश सिंह इस बार जबलपुर से मैदान में नहीं हैं। पार्टी नेतृत्व के निर्देश पर वे विधानसभा का चुनाव लड़े थे और इस समय राज्य सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री हैं। उनके स्थान पर भाजपा ने बिल्कुल नए चेहरे आशीष दुबे को प्रत्याशी बनाया है। वे तीन बार से विधानसभा का टिकट मांग रहे थे, लेकिन मिला नहीं। उन्होंने ज्यादा संगठन में काम किया है और अब लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। उनकी बेदाग और निर्विवाद छवि है। उनकी गिनती जबलपुर के लैंड लार्ड के तौर पर होती है। कांग्रेस के दिनेश यादव भी पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। वे प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री हैं। इससे पहले वे पार्षद और नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष रहे हैं। कांग्रेस की ओर से वे महापौर का चुनाव भी लड़ चुके हैं। उनकी छवि भी अच्छी है, लेकिन वे भाजपा के आशीष से काफी पिछड़ते दिखाई पड़ रहे हैं। जबलपुर में भाजपा जैसी जीत दर्ज करती है, उसे देखकर स्पष्ट है कि यहां जातीय और सामाजिक गणित फेल हो जाते हैं।

### विधानसभा में भाजपा को हासिल है बढ़त

प्रदेश की कई अन्य सीटों की तरह जबलपुर में भी भाजपा को विधानसभा में बड़ी बढ़त हासिल है। लोकसभा क्षेत्र की 8 में से 7 विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा है, जबकि कांग्रेस के पास सिर्फ एक सीट है। 4 माह पहले हुए चुनाव में भाजपा ने पाटन, बरगी, जबलपुर उत्तर, जबलपुर कैंट, जबलपुर पश्चिम, पनागर और सिहोरा विधानसभा क्षेत्रों में बड़े अंतर से जीत दर्ज की है, जबकि कांग्रेस सिर्फ जबलपुर पूर्व सीट ही जीत सकी है। जबलपुर पूर्व में कांग्रेस के लखन घनघोरिया 27 हजार 741 वोटों के अंतर से जीते हैं, जबकि सातों सीटों में भाजपा की जीत का अंतर 2 लाख 36 हजार 359 वोट है। साफ है कि भाजपा को विधानसभा चुनाव से ही 2 लाख से ज्यादा वोटों की बढ़त हासिल है। कांग्रेस के लिए इस अंतर को पाटना बड़ी चुनौती है।

### ब्राह्मण, पिछड़ा, दलित वर्ग के वोटरों का दबदबा

सामाजिक समीकरण फेल होने की वजह से जबलपुर में हार-जीत का अंतर ज्यादा होता है। लोकसभा क्षेत्र में ब्राह्मण, पिछड़ा वर्ग और दलित वर्ग के मतदाताओं का दबदबा है। ब्राह्मण एकमुश्त भाजपा के खाते में जा सकते हैं, जबकि पिछड़े वर्ग का एक हिस्सा कांग्रेस को मिल सकता है। भाजपा प्रत्याशी ब्राह्मण और कांग्रेस प्रत्याशी पिछड़े वर्ग से हैं। क्षेत्र में मुस्लिम और आदिवासी वर्ग के मतदाताओं की तादाद भी काफी है। इनमें मुस्लिमों का अधिकांश वोट कांग्रेस के पक्ष में जा सकता है, जबकि दलित और आदिवासी मतों में बंटवारा होगा। हालांकि इनका ज्यादा हिस्सा भी भाजपा के पक्ष में ज्यादा जाने की संभावना है। क्षेत्र के वैश्य, क्षत्रिय एवं अन्य जातियों में भाजपा का दबदबा देखने को मिल रहा है। यहां ब्राह्मण, पिछड़ा वर्ग और दलित वर्ग महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### जबलपुर जिले को मिलाकर बनी लोस सीट

जबलपुर लोकसभा सीट का भौगोलिक एरिया बाहर नहीं गया। इसके तहत आने वाली सभी 8 विधानसभा सीटें जबलपुर जिले की ही हैं। जातीय आधार पर जरूर हर विधानसभा सीट की अलग-अलग स्थिति है। किसी सीट में दलित और आदिवासी ज्यादा हैं तो किसी में पिछड़े और ब्राह्मण। कुल मिलाकर दबदबा भाजपा का ही है। 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने अच्छा प्रदर्शन किया था। तब भाजपा और कांग्रेस को बराबर 4-4 सीटें मिली थीं। बावजूद इसके 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा के राकेश सिंह 4 लाख 54 हजार 744 वोटों के बड़े अंतर से जीते थे। अब तो विधानसभा में भी भाजपा का पलड़ा भारी है। माहौल भी भाजपा का है।

**खबर संक्षेप**

### लोन नहीं चुकाने पर छह माह की सजा

**सीहोर।** बैंक से लिए लोन को समय पर नहीं चुकाने के मामले में कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए लोन लेने वाले को 6 माह की सजा सुनाई है। साथ ही लोन की राशि पर 9 फीसदी ब्याज दर से भुगतान करने के आदेश भी दिए हैं। जानकारी देते हुए सीहोर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड के मुख्य महाप्रबंधक ने बताया कि मनोज ने बैंक से लोन लिया था। उसने एक लाख का चेक दिया था। खाते में पर्याप्त राशि नहीं होने के कारण यह बाउंस हो गया। बैंक विधि सलाहकार मोहन सिंह राजपूत ने वाद न्यायालय में प्रस्तुत किया।

### आम सभा, रैली, जुलूस के लिए एसडीएम से अनुमति लेना अनिवार्य

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण सिंह ने निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष, शांतिपूर्ण संचालित हो इसके लिए गत दिवस दण्ड प्रक्रिया संहिता-1973 की धारा 144 के तहत आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशानुसार जिले में आम सभा, रैली, जुलूस के पूर्व संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी से अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। ध्वनि विस्तारक यंत्र, लाउडस्पीकर के उपयोग की अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

### नर्मदा स्नान के बाद मां बिजासन दरबार में भी लगाई हाजिरी, दो लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे

# सोमवती अमावस्या पर नर्मदा तटों पर उमड़ा भक्तों का सैलाब, लगाई आस्था की डुबकी

### आंवलीघाट से सलकनपुर एवं मालीबायां रोड पर कई जगह लगता रहा जाम, दो लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर/रेहटी

हिन्दी नववर्ष गुड़ीपड़वा एवं चैत्र नवरात्रि से एक दिन पहले पड़ी सोमवती अमावस्या पर सीहोर जिले के नर्मदा तटों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। सबसे ज्यादा लोग जिले की रेहटी तहसील स्थित नर्मदा तट आंवलीघाट पर पहुंचे। यहां पर दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई और यहां से वे मां बिजासन धाम सलकनपुर भी पहुंचे। इस दौरान मालीबायां से सलकनपुर एवं सलकनपुर से आंवलीघाट रोड पर कई बार जाम की स्थिति भी बनती रही। पुलिस टीम लगातार मैदान में डटी रही और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में भी जुटी रही।

सोमवती अमावस्या पर सीहोर जिले के नर्मदा तटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त नर्मदा स्नान करने के लिए पहुंचे। जिले के आंवलीघाट, नीलकंठ, मरदानपुर, छिपानेर, बुधनी, मंडी, बाबरी, नेहलाई सहित अन्य नर्मदा तटों पर सोमवती अमावस्या पर बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। रेहटी तहसील के नर्मदा तट आंवलीघाट पर तो एक दिन पहले ही भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया। रात 12 बजे से लोगों ने स्नान करना शुरू भी कर दिया, जो दिनभर लगातार चलता रहा। एक अनुमान के मुताबिक दो लाख से अधिक श्रद्धालु यहां पहुंचे। रेहटी तहसील के नर्मदा तट आंवलीघाट का पौराणिक महत्व ही बताया जाता है। इसके लिए यहां पर दूर-दूर से श्रद्धालु भक्त नर्मदा स्नान के लिए पहुंचते हैं और वे पुण्य सलिला मां नर्मदा में डुबकी लगाकर अपने जीवन को धन्य बनाते हैं। हिंदी नववर्ष गुड़ीपड़वा से चैत्र नवरात्रि का प्रारंभ भी होता है। श्रद्धालु भक्त नर्मदा स्नान करने के बाद मां बिजासन धाम सलकनपुर में भी पहुंचते हैं। सोमवती अमावस्या को लेकर नर्मदा तटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस एवं जिला प्रशासन भी तैनात रहा। आंवलीघाट, छिपानेर सहित अन्य नर्मदा तटों पर पुलिस बल के साथ ही गोताखोरों को भी तैनात किया गया था।



#### बनती रही जाम की स्थिति

सोमवती अमावस्या पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु आंवलीघाट नर्मदा तट पर पहुंचे। मालीबायां से सलकनपुर एवं सलकनपुर से आंवलीघाट तक कई बार जाम की स्थिति बनती रही। वाहन रैंगते रहे और लोग परेशान भी होते रहे। हालांकि पुलिस प्रशासन व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने में लगातार जुटा रहा। जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया था, लेकिन श्रद्धालुओं की आस्था के कारण पुलिस प्रशासन की व्यवस्थाएं भी चरमराती हुई नजर आईं। आंवलीघाट पर पुलिस एवं जिला प्रशासन के आला अधिकारी भी मोर्चा संभाले रहे। रातभर पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी यहां पर तैनात रहे।

**घट स्थापना के साथ नवरात्रि का होगा प्रारंभ :** चैत्र नवरात्रि पर मां बिजासन धाम सलकनपुर में घट स्थापना की जाएगी एवं झंडा चढ़ाया जाएगा। घट स्थापना सुबह 10.30 बजे होगी। मंदिर के मुख्य महंत पंडित प्रभुदयाल शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी घट स्थापना के साथ मां शक्ति की आराधना का पर्व नवरात्रि प्रारंभ हो जाएगा, जो कि 17 अप्रैल तक चलेगा। नौ दिनों तक यहां पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त पहुंचेंगे और मां बिजासन के दर्शन करके अपने जीवन को धन्य मनाएंगे। नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु-भक्त यहां पर पहुंचते हैं। इस दौरान देशभर सहित प्रदेशभर के कौने-कौने से श्रद्धालु यहां पर आते हैं।

विदेशों से भी मां के भक्त यहां पर विशेष अनुष्ठान एवं हवन के लिए दान देते हैं। चैत्र नवरात्रि के दौरान यहां पर मेला भी लगता है। हालांकि इस बार देवीलोक का कार्य चलने के कारण यहां पर स्थान नहीं है, इसलिए कुछ अव्यवस्थाओं के बीच में यहां पर भक्तों को मां बिजासन के दरबार में पहुंचना पड़ेगा। नवरात्रि को लेकर मंदिर की भी साज-सज्जा की गई है। इस दौरान चारों तरफ लाइटिंग की गई है तो वहीं मां का भी विशेष श्रंगार किया गया है।

भक्तों के लिए भी यहां पर विशेष व्यवस्थाएं बनाई गईं हैं, ताकि उन्हें दर्शन के लिए परेशान नहीं होना पड़े। मंदिर समिति के सचिव आरके दुबे ने बताया कि नवरात्रि के दौरान मंदिर सुबह 5.30 बजे से लेकर रात 10 बजे तक खुला रहेगा। इस दौरान श्रद्धालु भक्त दर्शन कर सकेंगे।

#### पुलिस बल तैनात किया गया

बुधनी एसडीओपी शशांक गुर्जर ने बताया कि सोमवती अमावस्या पर आंवलीघाट नर्मदा तट पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और उन्होंने स्नान किया। इस दौरान उनकी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल सहित गोताखोरों को भी तैनात किया गया था। दिनभर लोग स्नान के लिए पहुंचते रहे। हालांकि कई बार जाम के हालात बने, लेकिन पुलिस टीम व्यवस्थाएं बनाने में भी लगातार जुटी रहीं। किसी भी प्रकार की कोई अनहोनी या घटना नहीं हुई। सभी श्रद्धालुओं ने शांति व्यवस्था के साथ स्नान किया एवं मां बिजासन दरबार के दर्शन भी किए।

### किसान ने तहसील कार्यालय में सीमांकन और कब्जे के लिए दिए था आवेदन

# राजस्व विभाग ने सीमांकन कर दिलाया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सोमवार को ग्राम धवोटी में विवादित कृषि भूमि का सीमांकन तहसील कार्यालय सीहोर राजस्व विभाग के द्वारा पुलिस फोर्स की मौजूदगी में संपन्न कराया गया। अनु विभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार के दिशा निर्देश पर राजस्व विभाग के राजस्व निरीक्षक आर आई श्रवण कुमार मांझी, पटवारी नंदा ठाकुर के द्वारा फरियादी किसान जितेंद्र सेन आत्मज लखनलाल सेन को भूमि का कब्जा प्रदान किया गया।

ग्राम धवोटी के किसान जितेंद्र सेन ने तहसील कार्यालय सीहोर में भूमि सीमांकन और कब्जे के लिए आवेदन दिया था जिसमें उन्होंने बताया था कि मेड पड़ोसी किसानों के द्वारा उनकी भूमि दबा ली गई है। राजस्व विभाग कार्यालय के द्वारा किसान जितेंद्र सेन के आवेदन पर तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित मेड पड़ोसी किसानों को नोटिस जारी किए गए। संबंधित किसानों से चर्चा की गई उन्हें समझाइए दी गई। मौके पर पहुंचकर सोमवार को राजस्व विभाग के द्वारा सैटेलाइट पद्धति के माध्यम से सीमांकन किया गया। चिन्हित सीमा क्षेत्र के निशान पर फरियादी किसान से चूना डलवाया गया और तार फेंसिंग के लिए सीमेंट के खंभे भी लगवाए गए। रास्ते को लेकर उत्पन्न विवाद को भी बातचीत के माध्यम से समाप्त कराने की कोशिश राजस्व व पुलिस अमले के द्वारा की गई। किसान जितेंद्र सेन की 8 एकड़ कृषि भूमि में से 1 एकड़ कृषि भूमि पर अन्य किसानों के द्वारा कब्जा कर लिया गया था। इन किसानों से कब्जा लेकर फरियादी किसान जितेंद्र सेन को प्रदान किया गया। इस पूरी प्रक्रिया को निर्विवाद रूप से संपन्न कराने में क्षेत्र के किसानों ग्राम वासियों पुलिस कर्मियों राजस्व कर्मियों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।



# गर्मी के बीच गिरा पानी, मंडी रखी उपज भीगी

### दिनभर आसमान में छाए रहे बादल, हवा आंधी के साथ 10 मिनट हुई तेज बारिश

**सीहोर।** गर्मी के मौसम के बीच एक बार फिर करवट बदली है। सोमवार की शाम अचानक करीब 10 मिनट तक तेज बारिश होने से खेतों में रखी गेहूं की फसल जहां भीग गई। वहीं मंडी में रखी व्यापारियों की उपज भीग गई और समर्थन मूल्य केंद्रों पर खड़ी ट्रैक्टर-ट्रालियों की उपज को किसान तिरपाल से ढंकते हुए देखे गए। बारिश से वातावरण में ठंडक घुल गई। मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले तीन-चार दिन बाद फिर बारिश के साथ ओले भी गिर सकते हैं। सोमवार को सुबह से ही आसमान में हल्के बादलों का डेरा रहा, लेकिन शाम को अचानक मौसम बदला और काले घने बादल छा गए। शाम करीब 4 बजे कुछ देर झमाझम बारिश हुई। बारिश के बीच हवाएं चलने से वातावरण में ठंडक घुल गई। ग्रामीण क्षेत्रों में भी इछावर, श्यामपुर, दोराहा के आसपास कई रिमझिम तो कहीं तेज बारिश का दौर चला। अचानक हुई बारिश ने किसानों की परेशान बढ़ा दी है। पानी गिरने से कृषि उपज मंडी सीहोर में खुले रखी व्यापारियों की उपज भीग गई। इसके अलावा समर्थन मूल्य केंद्रों पर किसानों की गेहूं से भरी ट्रालियां भी भीग गईं। इस दौरान किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों को तिरपाल से ढंकते हुए नजर आएं। सोमवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 4 दिनों में मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। बादल छाने के साथ ही बारिश और ओले गिरने होने की संभावना है।



खबर संक्षेप

### विदिशा और भोपाल के लिए अधिसूचना 12 अप्रैल को जारी होगी

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 की तारीखों की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता भी पूरी तरह से प्रभावशील हो गई है, जिसका सख्ती से पालन कराया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने कहा है कि तीसरे चरण में 18-विदिशा एवं 19-भोपाल में 7 मई 2024 को मतदान होगा। तीसरे चरण के लिए अधिसूचना 12 अप्रैल को जारी होगी। प्रत्याशी 19 अप्रैल तक नामांकन पत्र जमा कर सकेंगे। 20 अप्रैल को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी की जाएगी। प्रत्याशी 22 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे।

### मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए एमपी टॉस्क पोर्टल पर आवेदन 30 अप्रैल तक

**सीहोर।** जिले के अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं शैक्षणिक सत्र 2022-23 एवं 2023-24 के लिये MPTAASC पोर्टल पर पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता एप्लाई एवं अपलोड (नवीन एवं नवीनीकरण) के लिए 30 अप्रेल 2024 तक के लिये आवेदन करने की सुविधा प्रदान की गई है। जिला संयोजक जनजाति कार्य विभाग ने सभी संबंधित प्रमुखों को पत्र के माध्यम से कहा है कि विद्यार्थियों द्वारा पूर्व में निर्धारित तिथि तक शत-प्रतिशत आवेदन नहीं कर पाने के कारण अब समस्त संस्थायें यह सुनिश्चित करें कि उनकी संस्था में अध्ययनरत कोई भी पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने से वंचित न रहे। निर्धारित नवीन तिथि तक अनिवार्यतः समस्त पात्र विद्यार्थियों से एप्लाई कराना सुनिश्चित करें। यदि निर्धारित समय-सीमा के बाद कोई भी विद्यार्थी आवेदन करने से छूट जाता है तो इसकी सम्पूर्ण जवाबदारी सम्बंधित संस्था, विद्यार्थी की होगी जिन संस्थाओं द्वारा समय-सीमा में कार्यवाही पूर्ण नहीं की जावेगी उन सभी संस्थाओं की जवाबदेही तय की जाकर कार्रवाई की जाएगी।

### शासकीय अवकाश में नीलामी बंद रहेगी

**सीहोर।** अप्रैल माह के दौरान विभिन्न त्योहारों, शासकीय अवकाश एवं बैंक अवकाश होने से मण्डी प्रांगण सीहोर में कृषि उपजों एवं लहसुन-प्याज का नीलामी का अवकाश रहेगा। सहायक संचालक एवं सचिव कृषि उपज मण्डी समिति सीहोर ने जानकारी दी कि अप्रैल माह में विभिन्न त्योहारों,शासकीय एवं बैंक अवकाश होने से मण्डी प्रांगण सीहोर में कृषि उपजों एवं लहसुन-प्याज का नीलामी का अवकाश रहेगा। सचिव कृषि उपज मण्डी समिति ने अवकाशों की जानकारी देते हुये बताया कि 09 गुड़ी पड़वा, 10 को चैती चांद, 11 को ईद उल फित्र, 13 को द्वितीय शानिवार, 14 को रविवार साप्ताहिक अवकाश, 17 को रामनवमी, 21 को रविवार साप्ताहिक अवकाश, 27 को चौथा शानिवार और 28 को रविवार साप्ताहिक अवकाश होने के कारण कृषि उपजों एवं लहसुन-प्याज का नीलामी का अवकाश रहेगा। आगामी 12 अप्रैल को मण्डी प्रागंण में समस्त कृषि उपजों व लहसुन - प्याज आदि की नीलामी होगी। समस्त किसान भाई कृषि मण्डी प्रांगण में अवकाश के दौरान अनाज की नीलामी एवं लहसुन-प्याज की नीलामी का अवकाश होने से अपनी कृषि उपज,लहसुन- प्याज आदि विक्रय के लिए नहीं लाएं।

## आग पर काबू पाने के लिए सीहोर, आष्टा, भोपाल सहित करीब 10 जगह से दमकल गाड़ियों को बुलाया गया

# गोदाम में आग लगने से करीब 100 टन भूसा खाक

आग का विकराल रूप देखकर आसपास के रहवासियों में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन के वरिष्ट अधिकारी मौके पर पहुंचे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर





क्षेत्र के गांव कांकरखेड़ा स्थित अल्फा प्रोटीन फेक्ट्री के भूसा गोदाम में सोमवार सुबह अचानक से आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि गोदाम से उठती आग की लपटें और धुएं के गुब्बार कई किमी दूर से ही दिखाई दें रहे थे। आग के कारण गोदाम में रखा करीब 100 टन भूसा जलकर पूरी तरह से खांक हो गया है। आग का विकराल रूप देखकर आसपास के रहवासियों में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन के वरिष्ट अधिकारी मौके पर पहुंचे। साथ ही आग पर काबू पाने के लिए भोपाल, सीहोर, नसरूल्लागंज, जावर, आष्टा, कोठरी सहित अन्य शहरों से दमकल की 10 गाड़ियों ने पहुंचकर आग पर नियंत्रण करने का प्रयास किया लेकिन शाम 6 बजे तक आग नहीं बुझ पाई। आग लगने के कारणों का अभी खुलासा नहीं हो पाया है। सीहोर - इछावर के बीच स्टैट हाइवे पर कांकरखेड़ा स्थित अल्फा प्रोटीन फेक्ट्री के समीप बने भूसे के गोदाम में सोमवार को अचानक आग लग गई। जानकारी के अनुसार प्रात करीब 6 बजे लोगों को गोदाम से धुआं उठता हुआ दिखाई दिया। देखते ही देखते धुएं के गुब्बार और आग की लपटे भीषण रूप धारण कर चुकी थी। सूचना मिलने पर प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और मौजूद संसांधनों से आग पर नियंत्रण करने का प्रयास किया गया लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। इसके बाद घटना स्थल पर सीहोर, आष्टा, जावर, कोठरी, इछावर, भैरूंदा, भोपाल आदि शहरों से दमकल की करीब 10 गाड़ियां बुलानी पड़ी, लेकिन इसके बावजूद शाम 7 बजे तक गोदाम की आग को नहीं बुझाया जा सका। जानकारी के अनुसार गोदाम में करीब 100 टन भूसा एवं अन्य संसाधन रखे हुए थे, जो कि आग से जलकर खाक हो गए हैं।

**आग की भयावहता से ग्रामीणों में मचा हड़कंप**

गोदाम में लगी अचानक भीषण आग से रहवासियों में अफरा-तफरी मच गई। आसपास क्षेत्र एवं रहवासी घरों में फैले धुएं से लोग कई घंटो तक दहशत में रहे। आग की भयवहता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि गोदाम से उठते धुएं के गुब्बार और लपटे कई किमी दूर से ही दिखाई दे रही थी।

**की जा रही है जांच**

आग लगने के कारणों का अभी खुलासा नहीं हो पाया है। फिलहाल प्रशासन आग पर नियंत्रण करने की मशक्कत में जुटा हुआ है। मामले की विस्तृत जांच की जाएगी। इसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

**जमील खान, एसडीएम**

## सलकनपुर देवीधाम मंदिर नवरात्रि पर्व के अवसर पर व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों की ड्यूटी

**सीहोर।** आगामी 09 अप्रैल से 17 अप्रैल तक नवरात्रि पर्व मनाया जाना है। जिले के रेहटी तहसील के सलकनपुर में प्रसिद्ध देवीधाम मंदिर में नवरात्री पर्व के दौरान बडी संख्या मे श्रद्धालुओं के पहुचने से व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाये रखने के लिए 7 अधिकारियों को व्यवस्थाए सुनिचित करने के लिए ड्यूटी लगाई जाती है। कलेक्टर प्रवीण सिंह द्वारा गत दिवस जारी आदेशानुसार कार्यपालन लोक स्वा.यां.विभाग एवं सीईओ जनपद पंचायत बुधनी पेयजल की व्यवस्था करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये है। वहीं अधीक्षक यंत्री विद्युत मंडल बुधनी को विधुत व्यवस्था सुचारू बनाये रखने को कहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को नवरात्रि पर्व मंदिर परिसर पर स्थाई रूप से एम्बुलेंस मय डाक्टर्स टीम एवं आवश्यक जीवन रक्षक औषधियों सहित उपलब्ध रखना सुनिश्चित करें। मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं नगर परिषद बुधनी/रेहटी को कार्यक्रम स्थल पर वाहन, फायर फायटर, साफ-सफाई एवं चलित शौचालय इत्यादि व्यवस्थाऐं संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी से समन्वय कर उपलब्ध करावें। कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण बुधनी मंदिर परिसर में वैरिकेटिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करेगें। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से कहा है कि वे अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी से समय समय पर निर्देश प्राप्त कर कार्या सुनिश्चित करें।

**मंदिर परिसर तक अधिकृत टैक्सी वाहनों का संचालन :** मंदिर परिसर ऊपर तक निजी वाहन प्रतिबंधित हैं। मंदिर परिसर तक केवल अधिकृत बस एवं टैक्सी वाहनों का संचालन होगा। श्रद्धालु अपने निजी वाहन नीचे पार्क कर इन अधिकृत टैक्सी वाहनों से मंदिर परिसर तक जा सकेंगे।

### केबल ऑपरेटरों को पेड न्यूज के संबंध में सजग व सतर्क रहने के निर्देश

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया में केबल आपरेटरों को पेड न्यूज के संबंध में सजग और सतर्क रहने कहा है। कोई ऐसी न्यूज जो राजनैतिक दल विशेष को लाभ पहुंचाए जाने के उद्देश्य से इलेक्ट्रानिक मीडिया में दिखाई जाती है पेड न्यूज की श्रेणी में आएगी। निर्देशानुसार जिला एवं राज्य स्तर पर मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति का गठन किया गया है। यह समिति 24 घंटे इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रसारण पर नजर रख रही है।

## अश्व पर सवार होकर शुभ योग में आ रही हैं मातारानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से चैत्र नवरात्रि प्रारंभ होती है। ज्योतिष पदम भूषण स्वर्ण पदक प्राप्त ज्योतिषाचार्य पंडित गणेश शर्मा ने बताया कि इस वर्ष नवरात्रि 9 अप्रैल से प्रारंभ होगर 17 अप्रैल तक रहेगी। इस बार मां दुर्गा घोड़े पर सवार होकर आएंगी जिसके चलते राजनीतिज्ञों के कारण देश दुनिया में अस्थिरता रहेगी। 3 राशियों के लिए यह नवरात्रि शुभ साबित होगी।

नवरात्रि शुभ योगः- पंडित शर्मा के अनुसार इस दिन अमृत सिद्धि योग, सर्वार्थ सिद्धि योग, रवि योग, पुष्य नक्षत्र योग, आयुष्मान योग का निर्माण हो रहा है। रेवती और अश्विनी नक्षत्र भी संयोग बन रहा है। इस दिन चंद्रमा गुरु की राशि मीन में होंगे। शुक्ल योग प्रातः 9 बजकर 18 मिनट तक इसके बाद ब्रह्म योग 9 बजकर 19 मिनट से अगले दिन सुबह 6 बजे तक रहेगा। शनि के स्वराशि में होने शश राजयोग का निर्माण हो रहा है। चंद्रमा के साथ गुरु के होने से गजकेसरी राजयोग का निर्माण हो रहा है। सूर्य शुक्र की युति से राजभंग योग का निर्माण भी हो रहा है। उदयातिथि के अनुसार 09 अप्रैल 2024 को चैत्र नवरात्रि प्रारंभ होगी। नवरात्रि प्रारंभ दिनांक 09 अप्रैल 2024 मंगल से।नवरात्रि समाप्त दिनांक 17 अप्रैल 2024 बुधवार को। नवरात्रि कुल 9 दिनों तक की ही रहेगी।

### कलश स्थापना पूजा विधि

एक तांबे के कलश में जल भरें और उसके ऊपरी भाग पर नाड़ा बांधकर उसे उस मिट्टी के पात्र अर्थात घट के उपर रखें। - अब कलश के ऊपर पत्ते रखें, पत्तों के बीच में नाड़ा बंधा हुआ नारियल लाल कपड़े में लपेटकर रखें।- अब घट और कलश की पूजा करें। फल, मिठाई, प्रसाद आदि घट के आसपास रखें। - इसके बाद गणेश वंदना करें और फिर देवी का आह्वान करें।- अब देवी- देवताओं का आह्वान करते हुए प्रार्थना करें कि 'हे समस्त देवी-देवता, आप सभी 9 दिन के लिए कृपया कलश में विराजमान हों।'- आह्वान करने के बाद ये मानते हुए कि सभी देवतागण कलश में विराजमान हैं, कलश की पूजा करें। - कलश को टीका करें, अक्षत चढ़ाएं, फूल माला अर्पित करें, इत्र अर्पित करें।- नैवेद्य यानी फल-मिठाई आदि अर्पित करें।

**कैसे करें घट स्थापना**

घट अर्थात मिट्टी का घड़ा। इसे नवरात्रि के प्रथम दिन शुभ मुहूर्त में ईशान कोण में स्थापित किया जाता है।- घट में पहले थोड़ी सी मिट्टी डालें और फिर जौ डालें। फिर एक परत मिट्टी की बिछा दें। - एक बार फिर जौ डालेफिर से मिट्टी की परत बिछाएं। अब इस पर जल का छिड़काव करें। - इस तरह उपर तक पात्र को मिट्टी से भर दें। - अब इस पात्र को स्थापित करके पूजन करें। -जहां घट स्थापित करना है वहां एक पाट रखें और उस पर साफ लाल कपड़ा बिछाकर फिर उस पर घट स्थापित करें। घट पर रोली या चंदन से स्वास्तिक बनाएं।

## जिला अस्पताल से मंगलसूत्र लूटने वाली महिलाएं चढ़ीं कोतवाली पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



थाना कोतवाली में दिनांक 04.04.24 को फरियदिया निवासी धामनखेड़ा जिला अस्पताल सीहोर में सीटी स्केन कराने आयी थी वही पर दो महिलाओं द्वारा भीड़ का फायदा उठाकर फरियादी को धक्का देकर मंगलसूत्र लूट कर के ले गई थी फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली पर अपराध क्रमांक 235/24 पारा 379,392 भादवि का अज्ञात महिलाओ के विरुद्ध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सीहोर मयंक अवस्थी के निर्देशानुसार अतिरिक पुलिस अधीक्षक सीहोर गीतेश गर्ग व नगर पुलिस अधीक्षक सीहोर निरजन सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में लूट करने वाली अज्ञात महिलाओं की पतारसी के लिये निरीक्षक गिरीश दुबे के नेतृत्व में टीम गठित की गयी । प्रकरण में थाना प्रभारी श्री गिरीश दुबे के नेतृत्व में गठित कोतवाली टीम द्वारा पतारसी के दौरान सीसी टीव्ही कैमरो की मदद एवं मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर संदेही महिलाओं निवासी ग्राम चौकी टप्पर थाना दोराहा से पूछताछ करने पर उक्त महिलाओं द्वारा दिनांक 04.04.24 को अस्पताल सीहोर से एक महिला के गले से मंगलसूत्र लूटना स्वीकार किया । आरोपी महिलाओ को पुलिस अभिरक्षा में लेकर आरोपीया के मेमोरेण्डम के आधार पर लूट का मंगलसूत्र जप्त किया जाकर आरोपीया को गिरफ्तार किया गया जिन्हे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। उक्त लूट का पर्दाफाश और आरोपी महिलाओं की गिरफतारी से निम्नलिखित पुलिस अधीकारी एवं कर्मचारियो का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रभारी निरीक्षक गिरीश दुबे,उनि मनोज मालवीय, उनि किरण सिंह राजपूत, स उ नि माधोसिंह, प्र.आर.729 महेन्द्र मेवाड़ा , प्र.आर. रामलता प्र.आर. 182 महेंद्र कुमार आर.266 चंद्रभान सेन,आर चालक 168 विष्णु ठाकुर का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## कुबरेश्वर धाम से चोरी हुआ तूफान वाहन जब्त पांच वाहन चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार




**सीहोर।** जिले में कुबरेश्वर धाम से चोरी गई तूफान वाहन को पुलिस ने जब्त कर लिया है। मामले में 5 वाहन चोर गिरफ्तार किए गए हैं। जानकारी के अनुसार, 14 मार्च को महेंद्र भास्कर पाटिल निवासी ग्राम ताबोर जिला जलगांव महाराष्ट्र ने थाना मंडी में रिपोर्ट की थी। दर्शनार्थियों को तूफान क्लूजर (MH28 V 2169) से कुबरेश्वरधाम सीहोर लेकर आया था। दर्शनार्थियों को मंदिर परिसर में ऊतार कर अपने वाहन को पार्किंग में खड़ा कर नाश्ता करने चला गया था। नाश्ता कर अपने वाहन क्लूजर के पास आया तो वाहन क्यूजर नहीं मिला कोई अज्ञात व्यक्ति तूफान को चोरी कर ले गया है। बताया गया है कि घटना स्थल का पीएसडीएन डाटा प्राप्त कर उसमें आए नंबरों का जांच किया गया। जिसमें कुछ संदेही के नंबर मिले, जिनके आधार पर संदेही गोविंद राजपूत, मुकेश, रवीन्द्र, निवासी पिपलिया राजगढ, पहुंचकर पूछताछ करने पर जिनके द्वारा बताया गया कि कुबरेश्वर धाम सीहोर से तूफान क्लूजर गाड़ी को अपने दो अन्य साथियों जिनके नाम हरीओम, जीवन के साथ मिलकर तूफान क्लूजर गाड़ी चोरी कर बिलकिंसगज, ढाबला होते हुए जिला राजगढ़ ले जाना बताया। रास्ते में क्लूजर स्पेटनी बेचना व नंबर प्लेट बदलना बताया। घटना में पाचों आरोपी गोविंद राजपूत,मुकेश, रवीन्द्र, हरिओम, जीवन निवासीयान पिपलिया वीरम थाना बोड़ा जिला राजगढ से चोरी की गई क्लूजर वाहन को आशाराम ग्राउंड बोडाजिला राजगढ से जब्त की गई है। जब्ती करते समय क्लूजर में नंबर प्लेट पर (MP07 BA 3270) लगी थी।

## कीट और इल्लियों के प्रकोप के बाद अब बदले मौसम ने बढ़ाई किसानों की चिंता



**सीहोर।** ग्राम पंचायत गोरखपुर में इस बार बड़ी संख्या में किसानों ने प्याज की खेती की है। इस बार फसल में कीट और इल्लियों का प्रकोप देखने को मिल रहा है। किसान रहीश खां, मनोहर सिंह, शैतान सिंह का कहना है कि इस बार प्याज में कीट, इल्लियों लग गई हैं। इस कारण फसल ग्रोथ नहीं कर पा रही है। किसानों ने बताया कि अब बार-बार मौसम बदल रहा है। क्षेत्र में बादल छाए रहे हैं। हल्की बूंदाबांदी भी हो गई। ऐसे में फसल पर संकट मंडरा रहा है। पहले ही पिछले वर्षों के मुकाबले कम गुना औसत निकलने का अनुमान है। यदि बारिश हुई तो लागत निकलना भी मुश्किल होगा।

### अग्रवाल समाज एक जुटता का परिचय देकर करें समाज उत्थान का कामः गोयल

# युवक-युवतियों ने मंच से बेहिचक दिया अपना परिचय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




सामाजिक संस्था अग्रसोच सोशल फाउंडेशन द्वारा आयोजित विशाल अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन रविवार को आयोजित किया गया। सम्मेलन की शुरूआत पदाधिकारियों एवं मुख्य अतिथियों ने भगवान श्री अग्रसेन महाराज जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण के साथ की।

परिचय देते समय युवकों ने कहा कि ऐसी लडक़ी चाहिए जो मेरा और मेरे परिवार का अच्छे से ख्याल रखें। परिवार को साथ लेकर चले। वहीं युवतियों ने अपना परिचय देते हुए कहा कि जीवन साथी एक दोस्त की तरह हो, जो हर सुख-दुख में साथ दें। अपने परिवार के साथ ही मेरे परिवार का भी ख्याल रखें। मुख्य अतिथि मुकेश गोयल ने समाज से आव्हान किया कि आज के समय में इस तरह के आयोजन होते रहना चाहिए और अग्रवाल समाज एक जुटता का परिचय देकर समाज के उत्थान का काम करें। उन्होंने ने कहा कि सम्मेलन से केवल युवक-युवती के चयन में आसानी होती है बल्कि एक-दूसरे परिवारों से मिलने का भी अवसर मिलता है। गोयल ने कहा कि समाज के सभी लोग ऐसे आयोजनों में शामिल होकर अपना योगदान दे।

अ ग्र सो च सोशल फाउंडेशन के संस्थापक व आयोजक आशीष गुप्ता ने कहा कि यह हमारा प्रथम प्रयास है, आप सभी अग्र बंधुओ के सहयोग से सफल हुआ है। परिचय सम्मेलन की विशेषता यह रही कि प्रदेश भर से आए अग्रवाल बंधुओं ने सम्मेलन में शामिल होकर अपने विवाह योग्य युवक ,युवतियों को साथ लेकर आए और बेटे बेटियो ने मंच से बेहिचक अपना परिचय दिया ,जिसमे 25 से अधिक संबंध मौके पर ही तय होने की भी संभावना व्यक्त की। इस अवसर पर जय प्रकाश अग्रवाल काला पीपल नगर पंचायत अध्यक्ष, श्री सत्यनारायण मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष हरिशचन्द्र अग्रवाल, कालापीपल अग्रवाल समाज के अध्यक्ष महेश गर्ग एवं लता गर्ग, अग्रवाल महिला मण्डल अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल सीहोर, अंजु अग्रवाल, सोनू गोयल, मनोज गोयल कुरावर अग्रवाल समाज अध्यक्ष, ब्यावरा के युवा समाजसेवी रितेश अग्रवाल, विनीत अग्रवाल एवं नितिन गुप्ता सहित अनेक अग्रबंधु उपस्थित थे। सम्मेलन में शामिल विभिन्न विभूतियों का शाल-श्रीफल से स्वागत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन पं.शैलेश तिवारी द्वारा किया गया। अंत में आभार व्यक्त संस्था अध्यक्ष अनिता गुप्ता ने व्यक्त किया।

## शाहगंज कॉलेज में नैक क्राइटेरिया के तहत विश्व स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम आयोजित



**सीहोर।** शासकीय महाविद्यालय शासगंज में गत दिवस नैक क्राइटेरिया 7 के अंतर्गत विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 7 अप्रेल से 21 अप्रेल 2024 तक विभिन्न गतिविधियों के संचालन के लिए प्रथम दिवस में व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई तथा स्वास्थ्य एवं निरोगी जीवन के लाभ बताये गये। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ एवं विद्यार्थियों द्वारा सहभागिता दी गई। कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य के निर्देशानुसार नैक कॉर्डिनेटर का आयोजन नैक क्राइटेरिया - 7 प्रभारी डॉ. आसिफ जहाँ द्वारा किया गया।

## विधानसभा स्तरीय सम्मेलन में कांग्रेस पर जमकर बरसे सीएम डॉ. मोहन यादव

# बोले- जो पार्टी भगवान राम का न्यौता ठुकरा दे वो किसकी होकर रहेगी






हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

लोकसभा चुनाव के लिए सभी दलों ने अपनी-अपनी बिसातें बिछा ली हैं। इंका प्रत्याशी जहां हर विधानसभा में प्रतिदिन पैदल यात्रा कर चौपालों में रात्रि विश्राम कर रहे हैं। वहीं भाजपा के भी दिग्गज अब मैदान में कूद पड़े हैं। रविवार को एक निजी होटल में आयोजित भारतीय जनता पार्टी के राजगढ़ विधानसभा स्तरीय सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंगपुर पहुंचे। यहां पार्टीजनों द्वारा उनका अभूतपूर्व स्वागत, अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार राजगढ़ आए डॉ. मोहन यादव ने अपने उद्बोधन की शुरूआत जालपा माता एवं भैंसवा माता के जयकारे लगाते हुए की। उन्होंने कहा कि ये समय सिर्फ चुनाव जीतने का नहीं है, ये समय सिर्फ सरकार बनाने का भी नहीं है बल्कि ये समय भारत माता के गौरव को बढ़ाने वाला चुनाव है। उन्होंने कहा कि आज अगर राष्ट्रवाद की बात करें तो राजगढ़ जिला प्रदेश के 55 जिलों में पहली पंक्ति में खड़ा है। राजगढ़ में राष्ट्रवाद की मशाल अनेकों सालों से जल रही है।

### इन्होंने रामजी का न्यौता तक ठुकरा दिया

यादव ने कहा कि कांग्रेस ने सिर्फ हिंदू-मुसलमानों को लड़ाकर अपनी राजैनतिक रोटी सेकने का काम किया है। हमारी संस्कृति से खिलवाड़ करने का काम कांग्रेस शुरू से करती आ रही है। अरे, उन्होंने भगवान राम मंदिर के आमंत्रण तक को ठुकरा दिया। भगवान के न्यौते को कोई ऐसे मना करता है क्या। और इसीलिए कांग्रेस अपने कर्मों से ही मरती जा रही है।

### इन्होंने आखिर राजगढ़ जिले को दिया क्या है ?

कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह एवं उनके अनुज व पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह का नाम लिए बगैर सीएम ने कहा कि इन्होंने राजगढ़ जिले को आखिर दिया क्या है। वे (लक्ष्मण सिंह) छह बार सांसद रहे। वर्षों से जिले के लोग रोजगार, रोजी-रोटी के लिए पलायन करते आए लेकिन इन्होंने इसे रोकने कोई कदम नहीं उठाया। कांग्रेस ने जो आपके (जनता) के साथ किया है, अब उसका हिसाब करने का समय आ गया है।


### विश्वास सारंगपुर ने भी दिया उद्बोधन

मुख्यमंत्री के पूर्व खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने भी सभा में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। अपने अल्प समय के उद्बोधन में उन्होंने भाजपा को अनुशासित, राष्ट्रवादी विचारधार वाली पार्टी करार देते हुए दौबरा से सरकार बनवाने पार्टीजनों से चुनाव में जुट जाने की बात कही। इस अवसर पर राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार, गौतम टेटवाल, जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, रघुनंदन शर्मा, पंडित हरिचरण तिवारी, महिला नेत्री मोना सुस्तानी, केदार काका, जिला प्रभारी सुरेद्र शर्मा, लोकसभा प्रभारी श्री विरानी, चांचोड़ा विधायक प्रियंका मीणा, विधायक मोहन शर्मा, प्रताप सिंह सिसोदिया, ओपी शर्मा, रमेश तंवर, श्याम गुर्जर, श्याम मंडलोई, पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, बबलू पटेल, सहित पार्टी के जिला प्रभारी, अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

#### खास-खास

- पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव की चुटकियों से मंच पर लगे ठहाके।
- पूर्व विधायक प्रताप मंडलोई ने भी चुटकियों से गुदगुदाया।
- सभास्थल पर सीएम का पुष्पवर्षा से अभिनंदन।
- सीएम को पहनाया 51 किलो का हार।
- राजगढ़ विधायक अमरसिंह ने सम्हाली सभा की व्यवस्थाएं।
- बड़ी संख्या में महिला पदाधिकारी, कार्यकर्ता रहीं मौजूद।
- चाक-चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था।
- परेड ग्राउण्ड पर बनाया गया था हेलीपेड।

## भाजपा के विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को मुख्यमंत्री ने किया संबोधित



**सारंगपुर।** लोकसभा चुनाव के चलते दोनों ही राष्ट्रीय पार्टी चुनाव जीतने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रही हैं। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी द्वारा अबकी बार 400 पर का नारा सफल करने के लिए भारतीय जनता पार्टी के लिए स्टार प्रचारक सहित मुख्यमंत्री एवं स्वयं प्रधानमंत्री लगातार जनता के बीच जाकर भाजपा की रीति नीति एवं विगत 10 वर्षों में भाजपा द्वारा लिए गए निर्णय का बखान कर रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को सारंगपुर विधानसभा में लोकसभा चुनाव में भाजपा को विजय दिलाने के लिए मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी संवेदनशील सरकार ने किसान, युवा, गौमाता के लिए अनेक निर्णय लिए हैं। हमारे देश में प्रदेश में भाईचारा कायम करने के लिए सभी लोग एक साथ काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री का नारा सबका साथ सबका विश्वास सबका विकास का हमारा मूल मंत्र है। मुख्यमंत्री के संबोधन के पूर्व राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने स्वागत भाषण के साथ अतिथि एवं जनता का अभिवादन किया। इसके बाद मंत्री विश्वास सारंग ने अपने भाषण में कहा कि हम सब पीएम मोदी के लिए काम करें हमारा उम्मीदवार कमल का फूल है। इस दौरान लोकसभा उम्मीदवार सांसद रोड़मल नागर ने भी उपस्थित जन समुदाय से माफी मांगते हुए कहा कि मेरे द्वारा पूर्व में किसी प्रकार की कोई गलती हुई हो तो क्षमा करें, मैं हमेशा आपके साथ हूं और साथ रहूंगा आप मुझे नहीं मोदी जी को चुन रहे हैं। इस अवसर पर खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी सहित भाजपा पदाधिकारी उपस्थित थे।

### 40 कांग्रेसियों ने ली भाजपा की सदस्यता

भारतीय जनता पार्टी की रीति से प्रभावित होकर मुख्यमंत्री मोहन यादव के समक्ष सारंगपुर के 40 कांग्रेसियों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस से भाजपा में आने वाले सदस्यों का मुख्यमंत्री ने स्वागत किया।

---

#### रविवार पूरे दिन पीएम रूम में रखा रहा शव

## संवेदनहीनताः अपने ही हुए बेगाने शव लेने तक कोई नहीं पहुंचा

### कई दिनों से जिला चिकित्सालय में ईलाजरत थी कालीपीपल की बुजुर्ग



**राजगढ़।** शाजापुर जिले के कालापीपल थाना क्षेत्र के उगली गांव निवासी एक 90 वर्षीय वृद्धा रामकंवर ने शनिवार-रविवार की रात्रि राजगढ़ जिला चिकित्सालय में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वृद्धा कई दिनों से जिला चिकित्सालय में ईलाजरत थी लेकिन इतने दिनों से कोई उसकी खैर-खबर तक लेने नहीं पहुंचा। अस्पताल का नर्सिंग स्टाफ ही इस वृद्धा की सेवा, इलाज कर रहा था। बुजुर्ग महिला की मौत के बाद अस्पताल चौकी प्रभारी करण सिंह व अन्य द्वारा शव को पीएम रूम में रखवा दिया गया। रविवार पूरे शाजपुर जिले व अन्य संबंधित स्थानों पर परिजनों से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन देर शाम तक शव को लेने कोई नहीं पहुंचा। शासकीय नियमानुसार मंगलवार तक भी अगर कोई शव लेने नहीं पहुंचता है तो नगर पालिका द्वारा इनका अंतिम संस्कार करवाया जाएगा।

### समाजसेवी बोले हम करवाएंगे अंतिम संस्कार

राजगढ़ नगर के कई सेवाभावी युवकों, समाजसेवियों ने कहा कि अगर मंगलवार तक मृतिका वृद्धा के शव को कोई लेने नहीं पहुंचता है तो हम सभी मिलकर विधि-विधान के साथ अंतिम संस्कार करवाएंगे। आखिर वो भी किसी की मां, किसी की पत्नी, किसी की बेटी थी।

### घायल की भी नहीं हुई पहचान

शनिवार-रविवार की रात्रि पीपलबे के नजदीक हुए एक सड़क हादसे में युवक गंभीर घायल हो गया था। सिर में गहरी चोंट के बाद उसे किसी के द्वारा जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया। खबर लिखे जाने तक इस युवक की पहचान भी नहीं हो पाई थी।

---

#### निर्वाचन आयोग ने जारी किए निर्देश

## दावत, लंगर और भोज में शामिल प्रत्याशी के खर्च में जुड़ेगा समस्त व्यय

**राजगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के मुताबिक यदि चुनाव लड़ने वाला कोई अभ्यर्थी मतदाताओं से मिलने के लिए किसी सामुदायिक भोज, दावत या लंगर में शामिल होता है तो ऐसे सामाजिक समारोह पर किया गया व्यय अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय के रूप में माना जाएगा। इस खर्चे को उसके निर्वाचन व्यय लेखा में जोड़ा जाएगा।

योग ने कहा है कि निर्वाचकों से मिलने के लिए आयोजित किए गए ऐसे सामुदायिक भोज के कार्यक्रम भले ही किसी भी नाम से बुलाये गये हो। साथ ही अभ्यर्थीया किसी अन्य व्यक्ति द्वारा ही क्यों न आयोजित किये गये हों, यदि अभ्यर्थी उसमें भाग लेता है तो इस पर होने वाले खर्च को अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में शामिल किया जायेगा। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह निर्देश धार्मिक समुदायों द्वारा अपने संस्थानों के अंदर प्रथागत तौर पर आयोजित लंगर, भोज या कोई समारोह जैसे शादी, मृत्यु आदि के सामान्य भोज पर लागू नहीं होगा। जबकि, यह अभ्यर्थी को छोड़कर किसी व्यक्ति द्वारा आयोजित किया गया हो।

ऐसे सामुदायिक भोज, लंगर, दावत आदि पर किये गये व्यय को अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में शामिल नहीं किया जायेगा बशर्ते कि अभ्यर्थी उसमें सामान्य आंगतुक के रूप में भाग लेता हो। आयोग ने निगरानी दलों एवं निर्वाचन अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं कि ऐसे सामुदायिक भोज आदि में अभ्यर्थी ने कोई वित्तीय योगदान नहीं दिया हो और किसी भी तरीके से ऐसे भोज में किसी तरह का राजनैतिक अभियान न चलाया गया हो।

---

#### नवागत एसपी के निर्देशों पर चल रही धरपकड़

## 14 साल से राजगढ़ पुलिस को छका रहा स्थाई वारंटी धराया

**राजगढ़।** विभिन्न गंभीर अपराधों को कारित करने के बाद कई मुलजिम ऐसे हैं जो महीनों, सालों से फरार हैं। पुलिस के लाख प्रयास के बाद भी पता नहीं लग पा रहा है। पर अब जिला पुलिस द्वारा स्थाई वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए गए अभियान के बाद 14 साल से फरार चल रहे एक स्थाई वारंटी को आखिरकर गिरफ्तार करते हुए सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कुरावर थाने में साल 2010 में अवैध हथियार रखने के चलते आम्र्स एक्ट के तहत बानअली पिता मंगलशाह निवासी कोटरीकला के खिलाफ अपराध दर्ज था। आरोपी बानअली अपराध कारित करने के बाद चौदह सालों से पहचान छिपाकर फरारी काट रहा था। गत दिवस पुलिस को मुखबिरों से सूचना मिली कि बानअली हुलिया बदलकर डॉ. सौराब नाम से छिंदवाड़ा के जुन्नरदेव में रह रहा है। सूचना के बाद आरोपी को पकड़ने टीम गठित कर जुन्नरदेव पहुंचाया गया। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए बानअली को धरदबोचा। राजगढ़ लाने के बाद उसे नरसिंहगढ़ न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजने की कार्रवाई हुई है।

---

## युवक ने अज्ञात कारणों के चलते लगाई फांसी

#### परिजन दो दिन से गए हुए थे शादी में, घर पर अकेला था युवक



**खुजनेर।** रविवार को अज्ञात कारणों के चलते खुजनेर निवासी अंकित यादव पिता देवीसिंह यादव उम्र 22 वर्ष घर पर फांसी के फंदे पर शव लाटका मिला। परिजन दो दिन से शादी में गए हुए थे युवक अकेला घर पर था। जिसकी सूचना सुबह 11 बजे के लगभग मिली जिसके बाद युवक के शव को नीचे उतार कर सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोस्टमार्टम करने लेकर गये जिसके बाद पुलिस ने मृग कायम कर जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार युवक ने आठ दस घंटे पहले फांसी लगाई थी। युवक घर पर अकेला था। वहां ट्रेक्टर शोरूम पर कार्य करता था। पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस जांच में जुटी है।

---

## भावसार समाज ने चल समारोह निकाला गणेश मंदिर परिसर में हुआ रंगारंग कार्यक्रम



**जीरापुर।** भावसार समाज द्वारा प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी मां हिंगलाज प्राक्टय उत्सव उत्साह पूर्वक धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समाज के समस्त महिला पुरुष बच्चे श्रीराम मंदिर भावसार मोहल्ला में एकत्रित हुए। जहां से मां हिंगलाज की विशेष झांकी के रूप में शोभायात्रा प्रारंभ हुई जो कि बस स्टेण्ड, स्वामी विवेकानंद चौराहा, इन्दर चौराहा , बुधवारिया बाजार, चौपड़ा बाजार, भावसार मोहल्ला से होती हुई मां हिंगलाज वाटिका (भावसार धर्मशाला) पहुंची। तत्पश्चात समाज जनों द्वारा मां हिंगलाज की महाआरती कर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वही समाज की बालिकाएं हाथ में ध्वज पताका धारण किए चल रही थीं।

### नवसम्वत्सर पर होगा ब्राह्मण समाज का मिलन समारोह

**ब्यावरा।** ब्राह्मण समाज ब्यावरा के तत्वावधान में 9 अप्रैल को नगर के परशुराम मंदिर पर नवसम्वत्सर के उपलक्ष्य में समाजिक बंधुओं का मिलन समारोह रखा गया है। इस मिलन समारोह के साथ आयोजित होने वाली बैठक में समाज के विभिन्न एवं महत्वपूर्ण विंदुओं पर विचार विमर्ष भी किया जाएगा। मंगलवार को शाम 5 बजे से इस बैठक का आयोजन रखा गया है।

---

## जहरीले जीव के काटने से हुई युवक की मौत



**खिलचीपुर।** खिलचीपुर के जामुनिया गांव में एक 32 वर्ष लड़के की दोपहर 2 के आसपास अपने घर के पास खलयान पर किसी जहरीले जानवर के काटने से मृत्यु हो गई। भवरलाल दांगी के इकलौता बेटे की मृत्यु से गांव में शोक की लहर छा गई। कुशल का एक 11 वर्ष का लड़का है। युवक कुशल हंस मुख मिलनसार था। जिसका खिलचीपुर हॉस्पिटल में पीएम हुआ। उसके बाद 5 बजे अंतिम संस्कार गांव जामुनिया में किया गया ई है। ओर सभी गांव वाले ने नम आंखों से कुशल को अंतिम विदाई दी गई।

---

#### मतदाता जागरुकता अभियान

## स्वीप गतिविधि अंतर्गत हुई स्लोगन प्रतियोगिता



**खुजनेर।** मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप गतिविधि अन्तर्गत नगर में शहीद मनीष विश्वकर्मा हायर सेकेण्डरी स्कूल खुजनेर में स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों द्वारा मतदान पर स्लोगन लिखकर मतदान की अनिवार्यता बताई वहीं नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी उमेश शर्मा द्वारा समस्त छात्रों को नागरीको को मतदान हेतु जागरूक करने के लिए प्रेरित किया उन्होंने बताया कि बिना किसी लोभ, द्वेष, जातिगत भेदभाव के बिना अपना मतदान करना है तथा शत प्रतिशत मतदान कराना है मेरा वोट - मेरी शान, वोट डालने जाना है - अपना फर्ज निभाना है आदि नारे लिखकर छात्रों ने सुंदर ढंग से प्रतियोगिता में भाग लिया इस अवसर पर संस्था प्राचार्य ललित विश्वकर्मा, शिक्षक मनोज शर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, गिरवर नागर व स्कूल स्टाफ सहित नपा लेखापाल भूपेन्द्र लोहिया, अमित यादव भगवान सिंह यादव आदि उपस्थित रहे।

---

#### विभिन्न मांगों को लेकर दिया ज्ञापन

## स्टेशन पर रेल सहित मूलभूत सुविधाओं के लिए रेलवे सहलाकर ने स्टेशन मास्टर से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



आवागमन के लिए सबसे अधिक सरल एवं सुविधायुक्त सफर रेल का माना जाता है, क्योंकि रेल के निजी वाहन जैसी सुविधा कम खर्च करने में मिल जाति है, किंतु ये सुविधा सिर्फ पैसे वालों को ही नसीब होती है। अंतिम पंक्ति या मिडिल क्लास वाले यात्री को धक्के खाने को मजबूर होना पड़ता है।

भारत सरकार द्वारा पूरे भारत में रेलवे स्टेशनों पर तमाम प्रकार की मूलभूत सुविधाएं की गई या की जा रही हैं। इतना ही नहीं अमृत योजना के तहत कुछ रेलवे स्टेशन का कायाकल्प भी चल रहा है लेकिन सारंगपुर रेलवे स्टेशन पर आज भी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। इतना ही नही स्टेशन से कई यात्री रेल गुजरती है लेकिन रुकती भी नहीं है। हजारों बार सामाजिक संगठनों सहित स्थानीय जन प्रतिनिधियों द्वारा सारंगपुर रेलवे स्टेशन पर सुविधा बड़ाने एवं रेलो का स्टॉपेज बढ़ाने की मांग रखी, लेकिन उनकी मांग या तो ऊपर तक नही पहुंची या कचरे के डिब्बे में फेंक दी गई। हद तो तब हो रही हैं जब नगर पंचायत जैसे स्टेशनों पर कायाकल्प एवं मूलभूत सुविधा हो रही हैं वही नगर पालिका क्षेत्र में बड़े स्टेशन पर कोई सुविधा नहीं है। शनिवार को रेलवे स्टेशन सारंगपुर पर रेलवे सलाहकार मंडल यूजीसी सुनील आचार्य को विभिन्न मांगों को लेकर पत्र सौपा। इस अवसर पर सत्यनारायण वैष्णव, कैलाश शर्मा, प्रदीप शर्मा, नवीन रुण्डवाल, सुनील धनगर, नावेद खान ने मांग पत्र सौंपा।

---

## पाटीदार समाज सेवा व विवाह समिति द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन



**सारंगपुर।** रविवार को बालाजी गार्डन में पाटीदार समाज सेवा एवं विवाह समिति द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन रखा गया। स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन मां उमियाके चित्र पर डॉक्टर राकेश कुमार द्वारा माल्यार्पण कर शिविर को प्रारंभ किया गया। उक्त शिविर सरदार पटेल हॉस्पिटल शाजापुर के तत्वाधान में किया गया। शिविर में निलेश वर्मा नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि एवं पर्यावरण प्रेमी नन्द किशोर सोनी विजय बारकिया गोवर्धन प्रसाद लाला ओमप्रकाश पाटीदार नरेंद्र नाहर लक्ष्मी नारायण कैलाश नारायण सेठ सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। शिविर में रजिस्ट्रेशन का कार्य देवी सिंह पाटीदार संपन्न किया। इस अवसर पर प्रोफेसर आत्माराम पाटीदार ने बताया कि अब पाटीदार समाज सेवा समिति प्रतिवर्ष इसी तरह के शिविर का आयोजन करने का संकल्प लिया है।

**खबर संक्षेप**

### वारंटी, अवैध शराब और गुंडे-बदमाशों के विरुद्ध की गई कार्रवाई

**जावर।** जावर पुलिस द्वारा लोकसभा चुनाव के आचार संहिता का पालन करते हुए गुंडे, बदमाश, अवैध शराब विक्रेता व फरारी स्थाई वारंटी की पतारसी कर गिरफ्तारी की है। जिसमें 40 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। 6 आदतन अपराधियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक की गई, 3 अलग अलग प्रकरणों में कुल 65 लीटर कच्ची शराब जप्त कर कार्यवाही की गई। दो साल से फरार स्थाई वारंटी भोजराज उर्फ आत्माराम पिता गोपाल मालवीय नि.अरनिया गाजी व देवकरण पिता भेरूसिंह नाल नि.गुराडीया वर्मा व अन्नु पिता रामचन्दर पारदी नि. मूंदी खेड़ी, जितेन्द्र पिता जीवन सिंह सेंधव नि. कालापीपल को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

### स्थाई वारंटियों को किया जा रहा गिरफ्तार

**जावर।** 8 अप्रैल को 4 साल से फरार स्थाई वारंटी भोजराज उर्फ आत्माराम पिता गोपाल सिंह उम्र 60 वर्ष निवासी अरनियागाजी, अन्नु पिता रामचंदर पारदी नि मूंदीखेड़ी लगभग 7 साल से फरार थाना जावर को उप नि महेश धुर्वे,उप नि राजू मकोड़, आर ज्ञानसिंह ,आर पवन ,आर देवेंद्र,सै राहुल द्वारा मुखबिरी लगाकर गिरफ्तार किया गया । जिसे. न्याया. आष्टा पेश किया जा रहा है।

#### प्रेस वार्ता में दी जानकारी, राधा कृष्ण मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारी शुरू

# कुशवाह समाज 10 से 16 तक करेगा प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन

**श्री राधा कृष्ण,श्री राम दरबार,शिवपरिवार, कुलदेव लव कुश भगवान की अचल मूर्तियों की होगी प्राण प्रतिष्ठा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के काछीपुरा में स्थित कुशवाह समाज के प्राचीन राधा कृष्ण मंदिर में नवीन प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं श्रीमद् भागवत कथा की तैयारी जोरों पर है। इसको लेकर कुशवाह समाज के समाजजन लंबे समय से तैयारिया कर रहे है आपको बता दे की प्राचीन राधा कृष्ण मंदिर का कुशवाहा समाज के सदस्यों के द्वारा जिर्णउद्धार कर अब परिसर में भगवान श्री राधा कृष्ण, श्री राम दरबार, शिवपरिवार, कुलदेव लव कुश भगवान की अचल मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।

उक्त आयोजन को लेकर कुशवाह समाज के सदस्यों ने आयोजन स्थल पर प्रेस वार्ता कर बताया की मंदिर में नवीन प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 10 अप्रैल से 16 अप्रैल तक भव्य रुप से संपन्न होगा । इस दौरान 10 अप्रैल को प्रातः 08 बजे कलश यात्रा प्रारंभ होगी साथ ही प्रतिदिन दोपहर 02 से 05 तक श्री मद भागवत कथा एवं रात्रि को 08 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रहेगा व 12 अप्रैल से हरिहर यज्ञ प्रातः 07 से दोपहर 01 बजे तक संपन्न होगे, 16 अप्रैल को देव प्रतिमाओं की स्थापना के पश्चात महाआरती एवं महाप्रसादी का कार्यक्रम संपन्न होगा। इसके बाद उपस्थित पत्रकारों का कुशवाहा समाज के द्वारा सम्मान किया गया। अंत मे कार्यक्रम का आभार व्यक्त कर



स्वल्पाहार का कर शहर वासियों से प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होने की अपील की है।

#### निर्मित हो रहा वास्तुमंडल

यज्ञाचार्य पं मनीष पाठक और भगवताचार्य पं डॉ दीपेश पाठक ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि आधुनिकता के समय में भी प्राचीन परंपराओं को जीवित रखते हुए संपूर्ण यज्ञ मंडप वास्तु संहिता के आधार पर बनाया जा रहा है।मंडप में वास्तुपरक नियमों को ध्यान में रखकर मंडप निर्माण किया जा रहा है। नारद के सूत्रों को




ध्यान में रखकर भगवान श्री कृष्ण के अभिलाषित पल्लवो से यज्ञ मंडप को आकार दिया जा रहा है।

# चावल से भरा ट्रक पलटने से बाइक सवार के पैर कटे

**घायल से मिलने अस्पताल पहुंचे विधायक**



**आष्टा।** विधायक गोपालसिंह इंजीनियर अस्पताल में भर्ती पीड़ित से की चर्चा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

कल शाम को भोपाल से इंदौर की ओर जा रहे हैं चावल से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया जब वह ट्रक पलटा तब ट्रक के पास ही गुजर रहा एक बाइक सवार युवक इसकी चपेट में आ गया तथा ट्रक के नीचे दब गया था। ग्रामीणो एवं आष्टा व पार्वती थाने की पुलिस के सहयोग से बड़ी क्रेन के सहयोग से उक्त ट्रक को खड़ा किया गया तथा गंभीर रूप से घायल दबे युवक को निकाला एवं तत्काल उसे सिविल अस्पताल आष्टा भेजा। दोनों पैर टूटने के कारण हालत गम्भीर होने पर उक्त घायल युवक रामसिंह पिता बिहारीलाल प्रजापति निवासी सेंदोखड़ी को तत्काल प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया। भोपाल के एक प्राइवेट अस्पताल में युवक की जान को बचाने के लिये दोनों पैर काटे गये। सूचना मिलने पर आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर आज भोपाल पहुंचे तथा अपनी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सेंदोखेड़ी निवासी उक्त पीड़ित युवक रामसिंह पिता बिहारी लाल प्रजापति उम्र 35 वर्ष से जाकर अस्पताल में मिले तथा उसके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उसका ईलाज कर रहे डॉक्टरो से भी चर्चा की। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने पीड़ति के परिजनों से चर्चा कर उनेह भरोसा दिया कि उनका जो भी अच्छे से अच्छा ईलाज हो सकता है वो होगा इसके लिये वे मुख्यमंत्री जी से भी मिल कर ईलाज हेतु शासन से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिये मिलेंगे। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने भोपाल से फोन पर बताया कि घायल युवक के दोनों पैर अगर समय से नहीं काटे जाते तो कोई बड़ी परेशानी खड़ी हो सकती थी। इसलिए ये कदम उठाया गया।

रात्रि में ऑपरेशन कर उनके दोनों पैर काटने पड़े हैं। आज में भोपाल आया एवं अस्पताल पहुंचा हूं तथा घायल से भी चर्चा कर एवं उनके परिजनों से भेंट कर उन्हें भरपूर शासन स्तर से जो भी अच्छे से अच्छी चिकित्सा सुविधा एवं आर्थिक मदद हो सकती है उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है । पीड़ति के जल्दी से जल्दी स्वस्थ होने की भगवान से प्रार्थना की है।

# धार्मिक स्थलों और धार्मिक कार्यों में राग-द्वेष बिल्कुल न होना चाहिए: मुनि सागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



भगवान की वाणी अमृत समान थी और हित मित प्रिय है। भगवान की वाणी प्राकृत भाषा में निकलती है। भगवान की भाषा भक्तों को सुनने में आती है।जो भी भगवान की वाणी सुनते हैं वह अमृत रसमय हो जातें हैं। धार्मिक स्थलों व कार्यों में राग-द्वेष नहीं होना चाहिए। सुनो सभी की करो धर्म की। सारे भक्त भगवान की वाणी पर अमल करते हैं।घर बैठे ही काम हो जाते हैं। अरहनाथ भगवान ने न्याय शास्त्र का बौध कराया। अरहनाथ भगवान का शासन सरल था, हठधर्मिता वाला नहीं।एक ही बात को लेकर पर्वत की तरह अड़ना और लड़ना नहीं चाहिए। यहां अपेक्षा है,कुपेक्षा नहीं। पहले जैन कुलों,जैन कुटुम्ब में लड़ाई झगडे नहीं होते थे, लेकिन आजकल जैनों में झगड़ें हो रहे हैं। पार्टी -पंथ नहीं देखे,देश व धर्म को देखें।आज अनेकांत का अभाव, इसलिए चोरी - चकारी हो रही है। उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजित पूज्य गुरुदेव मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि सागर महाराज ने आशीष वचन देते हुए कहीं। आपने कहा कि जैन धर्म किसी की बपौती नहीं।संगत अच्छी रखें,संगत का असर होता है। अपनी बात को मनवाने के लिए हठ नहीं करें, अनेकांत रुप को समझें। भगवान की वाणी का अमृत पानी करें। जैन बनकर ही रहे। सहना आ गया उसे जीना आ गया है। प्रभु मैंने अपने हिसाब से आपकी भक्ति की है। मेरे दुःख एवं पाप दूर हो, ऐसी भावना भाना चाहिए।जो भगवान की भक्ति, गुणगान करेंगे उन्हें पुण्य मिलेगा।देखा देखी न करें।सवाल द्रव्य का नहीं ,भाव का है। मुनि सागर महाराज ने कहा पड़ोसी को नहीं स्वयं को देखें। बड़े वहीं है जो बड़ा दिल व भाव रखें। कर्म चूर हो, मुझे रत्नात्रय प्रदान करें भगवान। भगवान करता धरता नहीं, वह तो कल्याण कारी है।

### मुनि पुण्य सागर महाराज ससंघ को भंवरा पधारने के लिए श्रीफल किए भेंट



**आष्टा।** परम पूज्य चतुर्थ पट्टाचार्य ग्राम भंवरा के गौरव आचार्य श्री 108 अजित सागर जी महाराज के परम प्रभावी शिष्य मुनि श्री 108 पुण्य सागर जी महाराज ससंघ के दर्शन कर भंवरा पधारने हेतु आज ज्ञानुदाय तीर्थ धाम दीवानगंज में समस्त समाजजन ने श्रीफल भेंट किया। परम पूज्य चारित्र चक्रवर्ती आचार्य श्री शांति सागरजी महा मुनिराज के पट्ट परम्परा के चतुर्थ पट्टा चार्य अभीष्ण ज्ञानोपयोगी आचार्य श्री अजीत सागरजी महाराज के धर्म प्रभावक सुयोग्य शिष्य एवं परम पूज्य वात्सल्य वारिधी भारत गौरव आचार्य श्री वर्धमान सागरजी महाराज के सघंस्थ परम पूज्य वात्सल्य मूर्ति समता शिरोमणि प्रज्ञा श्रमण समाधि सम्राट मुनि श्री पूण्य सागरजी महाराज ससंघ 19 पिच्छी का मगंल विहार चल रहा है। रविवार को ज्ञानुदाय तीर्थ धाम दीवानगंज में समस्त समाजजन ने श्रीफल भेंट कर गुरु अजीत सागर महाराज के गृह ग्राम भंवरा पधारने की विनती की।

### आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत



**जावर।** रविवार को आकाशीय बिजली गिरने से भेड़ चराने वाले एक व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत हो गई पुलिस ने पंचनामा बनाकर सव को पीएम के लिए आष्टा के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया गया जहां पीएम के बाद सव उसके परिवार को सौंप दिया थाना प्रभारी आर,एन, मालवीय ने बताया कि राजस्थान से आए भेड़ बकरी चराने वाले मेहतवाड़ा क्षेत्र में किसान लक्ष्मी नारायण के खेत में अपने जानवर चरा रहे थे रविवार की सुबह 10:00 बजे आसमानी बिजली गिरने से डूडा रेवाड़ी पिता गुलाब उम्र 34 निवासी खगर जिला भीलवाड़ा राजस्थान की मौत हो गई। इस सुचना के बाद पुलिस मोके पर पहुंची और पंचनामा बनाकर मृतक व्यक्ति का सव पिएम होने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया।

### वक्फ बोर्ड के सदस्यों ने की साफ-सफाई




**आष्टा।** वक्फ बोर्ड द्वारा किए गए नवनिर्वाचित पदाधिकारी द्वारा लगातार जनहित मे कार्य कर रहे है। वक्फ बोर्ड के जिलाध्यक्ष जाकिर पटेल, तहसील अध्यक्ष मिर्जा फारूग बेग द्वारा नगर सहित समस्त क्षेत्र के कब्रिस्तानो की सफाई की रही है। शुरूआत बस स्टैंड स्थित टेकरी के कब्रिस्तान से की गई। कई वर्षो से कब्रिस्तानो की साफ सफाई नही हुई वही देखरेख के अभाव मे वीरान लगने लगी थी। नवनिर्वाचित पदाधिकारीयो ने अभियान चलाया । जिलाध्यक्ष जाकिर पटेल ने बताया कि नगर सहित समस्त कब्रिस्तानो की साफ सफाई कराई जाएगी। वही हर एक कब्रिस्तान में बैठने के लिए कुर्सीयां, पानी और लाईट की व्यवस्था की जाएगी। तहसील अध्यक्ष मिर्जा फारूक बेग ने कहा कि कभी कभी ऐसा समय आ जाता है कि मैयत को रात मे दफनाना पड़ता है। इसलिए लाईट की व्यवस्था के साथ कब्रिस्तान मे रोड भी बनेगे साथ मे बाउंड्रीवाल होगी एवं पौधे लगाए जाएंगे। ताकि कब्रिस्तान सुंदर एवं मेहफूज रहे। इस अवसर पर भाजपा मीडीया प्रभारी प्रवक्ता जहूर मंसूरी, वक्फ बोर्ड जिलाध्यक्ष जाकिर पटेल, तहसील अध्यक्ष मिर्जा फारूग बेग,हसन मौजूद रहे।

# पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और पूर्व कैबिनेट मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, राजेंद्र राधाकृष्ण मालवीय के साथ मिलकर सोनकछ तहसील के ग्राम लखुमड़ी में शनि भगवान की पूजा कर दर्शन किए। उसके पहले वरिष्ठ कांग्रेस नेता दशरथ सिंह पटेल मुरावर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जावर के अध्यक्ष अरविंद सिंह ठाकुर एवं जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष कमल सिंह पहलवान एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष बल बहादुर सिंह भगत, कमल सिंह चौहान व समस्त वरिष्ठ कांग्रेस साथियों द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, पूर्व कैबिनेट मंत्री सज्जन सिंह वर्मा का खड़ी जोड़ पर स्वागत किया। उसके पश्चात खड़ी मे



प्रहलाद सिंह वकील के नेतृत्व मे ग्राम चामसी मे, देवनारायण पटेल के नेतृत्व मे ग्राम कुरावर राजेंद्र ,दर्शन सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओ ने स्वागत किया। उसके पश्चात ग्राम मुरावर में दशरथ सिंह पटेल व समस्त ग्रामीण जन के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से सीहोर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, देवास जिला अध्यक्ष मनोज राजानी, अशोक कप्तान, राजेंद्र राधाकृष्णन मालवीय, राजवीर सिंह बघेल, कमल सिंह पहलवान, दशरथ सिंह पटेल, बलबहादुरसिंह भगत, हरपाल सिंह ठाकुर, अरविंद सिंह जावर ब्लॉक अध्यक्ष ,जितेंद्र सिंह आष्टा ब्लॉक अध्यक्ष सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सात दिवसीय भागवत कथा का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

ग्राम खाचरोद में राजपूत कछावा परिवार द्वारा सात दिवसीय पितृमोक्ष श्रीमद् भागवत कथा के सप्तम दिवस कथा वाचक पंडित रितेश कृष्ण शर्मा ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने को मिलती है, जिससे अर्थ, धर्म काम मोक्ष की प्राप्ति होती है। कथा श्रवण से बढ़कर इस संसार में कोई ज्ञान मोक्ष का सरल साधन नहीं है।

जहां भगवान का चिंतन होता है वहां विपदा कभी नहीं आती है। जब तक मनुष्य के मन का कपट दूर नहीं होता तब तक भगवान से प्रीत नहीं लगा सकता। इसलिए मनुष्य को पहले अपने मन से विकारों को दूर करना होगा। तब जाकर प्रभु की प्राप्ति हो सकती है। जैसे आग सब कुछ जलाकर राख कर देती है। वैसे ही कथा सुनने से समस्त पापों का



नाश होकर मोक्ष प्राप्त होता है। वहीं उन्होंने बताया कि मित्रता हो तो कृष्ण सुदामा जैसी जिसमें अमीरी गरीबी नहीं देखी जाती। भगवान के 24 अवतारों की कथा में बताया कि भगवान दत्तात्रेय जी ने 24 गुरु बनाए। लेकिन ज्ञान कहीं भी मिले हमें लेना चाहिए। भागवत कथा श्रवण करने से भक्ति मिलती है। ज्ञान प्राप्त होता है और अधोगति पितृ को मोक्ष मिलता है। कथा के अंतिम दिवस ग्राम में शोभायात्रा निकाली गई जो मां दुर्गे के मंदिर से शुरू होकर ग्राम के मुख्य मार्ग से होती हुई श्री राम मंदिर पर पुरोहितों द्वारा पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर प्रसादी वितरण की गई। इस मौके पर समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे। कथा आयोजन राजपूत कच्छावा परिवार द्वारा कथा श्रवण करने आए सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया।


#### देवबड़ला में भूतड़ी अमावस्या पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, दिन भर लगी रही भीड़

# नेवज नदी के उद्गम स्थल पर स्नान कर की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

मां नेवज नदी के उद्गम स्थल व पुरातात्विक धरोहर देवांचल धाम देवबड़ला बिलपान में यूं तो प्रतिदिन ही भक्तों का आना-जाना लगा रहता है। पुरातत्व विभाग की खुदाई में निकले हुए अद्भुत रचनात्मक व सुंदर अवशेषों एवं कलाकृति को देखने क्षेत्र ही नहीं अपितु बाहर से भी टूरिस्ट श्रद्धालु आते हैं। मंदिर समिति के अध्यक्ष ओंकार सिंह भगतजी व देवबड़ला स्मारक इंचार्ज कुंवर विजेन्द्र सिंह भाटी बताते हैं कि देवभूमि देवबड़ला ऋषि मुनियों की तपोभूमि प्राचीन काल से ही रही है। नेवज नदी का उद्गम भी इसी पहाड़ से हुआ है छोटे से रूप में कुंड में शीतल जल आता रहता है। यूं तो इस जंगल में दूर-दूर तक कहीं पानी नहीं है, लेकिन विलवैश्वर महादेव की कृपा से कुंड में हमेशा ही जल रहता है। कभी भी कुंड सूखता नहीं है। यह स्थान विंध्याचल पर्वत श्रेणी का नाभि स्थल माना जाता है।

यहां पर दो सुंदर कुंड बने हुए हैं बाबा विलवैश्वर महादेव के सामने वाला कुंड 10वीं-11वीं सदी का है। तथा दूसरी बगल वाला बड़ा कुंड मंदिर समिति के अध्यक्ष ओंकार सिंह भगत जी ने 70-80 वर्ष पहले अपनी युवावस्था में साथियों के सहयोग से बड़े कुंड का निर्माण करा था। इसी कुंड से पवित्र जल लेकर बड़ी संख्या में श्रद्धालु हर अमावस्या एवं तीज त्योहार पर स्नान करने आते हैं। यहां स्नान करने की मान्यता है। यदि सच्ची श्रद्धा आस्था के साथ जो यहां स्नान करता है, उसके संपूर्ण रोग दोष कष्ट दूर होते हैं। और तन मन पवित्र रहता है इस बार अमावस्या पर कई शुभ योग एक साथ बने हैं। यूं तो




इस समस्या को स्नानदान श्राद्ध अमावस्या,चैत्र अमावस्या,भूतड़ी अमावस्या कहते हैं। परंतु इस बार सोमवती अमावस्या का योग भी बना है। इस दिन पवित्र नदियों के घाटों पर स्नान दान कर महादेव की पूजा अर्चना करने से सुख शांति समृद्धि व अनेक फल प्राप्त होते हैं।

# पांच साल से कई धाराओं में फरार पांच स्थाई वारंटियों को श्यामपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

श्यामपुर पुलिस द्वारा लोकसभा चुनाव व आचार संहिता को मद्देनजर रखते हुए कई वर्षो से विभिन्न धाराओं के अपराधों मे फरार 06 स्थाई एवं 01 गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। 07-08 अप्रैल की रात्री मे थाना प्रभारी निरीक्षक संध्या मिश्रा के निर्देशानुसार टीम बनाकर कोंबिंग गस्त की गई। इस दौराने श्यामपुर क्षेत्र के (01) आर.टी. 531/20 धारा 135 विद्युत अधिनियम एक्ट में फरार स्थायी वारंटी रवि राठोर पिता पूरन सिंह उम्र 20 साल निवासी कचनारिया (02) एसपीएल न. 642/19 धारा 138 एन आई एक्ट में स्थायी वारंटी (03) आर टी न. 155/20 धारा 394,397,458 भादवि (लूट का वारंटी) (04) आर.टी.न. 238/19 धारा 138 एन.आई. एक्ट में स्थाई वारंटी वृंदावन पिता बालमुकुंद (05) आर.टी. 3233/20 धारा 138 एन आई एक्ट में स्थाई वारंटी गजराज पिता नेम सिंह (06) आर.टी.न. 12032/20 धारा 138 एन.आई. एक्ट में स्थाई वारंटी बाबू लाल पिता नान जी (07) आर.टी.न. 14551/19 धारा 138 एन.आई. एक्ट में स्थाई वारंटी राधेश्याम पिता नानुराम को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय सीहोर पेश किए। सम्पूर्ण कार्रवाई मे थाना प्रभारी श्यामपुर निरीक्षक संध्या मिश्रा, उनि रामबाबू राठोर, प्र आर 54 महेश कुमार, आर. 753 पवन राजपूत, आरक्षक 463 अमित नागर, आरक्षक 771 महेश कुमार मीणा, आर. 707 भगवान सिंह यादव, से.276 महिपाल सिंह की भूमिका रही।